## एक नजर

### पति, सास और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में पति समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी नवदिया निवासी प्रियंका गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी सचिन वर्मा से पांच साल पहले हुई थी। ससुराल वासले दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट करते थे। कई बार जान लेने की कोशिश की गई। बीते दिनों पीटकर घर से निकाल दिया, तब से मायके में रह रही हैं।

### बीसलपुर पुलिस ने दर्ज की हादसे की रिपोर्ट

**बीसलपुर।** नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी महंत सत्यदेव महाराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च को बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर से दर्शन करके साइकिल से गांव जा रहे थे। पीलीभीत मार्ग पर एक स्कूल के पास पहुंचते ही बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### दंपती पर हमला करने के आरोपी पर एफआईआर

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर उर्फ वीरमपुर निवासी बनवारी लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम छह बजे वह घर पर थे। इस बीच गांव का ही देवेंद्र मकान के बाहर आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपनी पत्नी पूजा देवी को भी बुला लिया। फिर दंपति ने हमला कर मारपीट की। शोर पर लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### ट्रॉली पंचर होने से रेलवे क्रासिंग पर लगा जाम

**पूरनपुर।** एक ईंट भरी ट्राली का पहिया माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर पंचर हो गया। मरम्मत के लिए ट्रॉली क्रॉसिंग के पास सड़क पर ही खड़ी कर दी गई। मामला शुक्रवार दोपहर का है। जिसके बाद एक तरफ के वाहनों का आवागमन बंद हो गया। वाहन जाम में फंसे रहे। वाहन निकालने को लेकर चालकों में झड़पें हुईं। करीब दो घंटे बाद आवागमन सुचारू हो सका। इस दौरान राहगीरों को परेशान होना पड़ा।

# एक बाघ पीटीआर में छोड़ा, पंडरी गांव के पास दूसरे ने नीलगाय को बनाया निवाला

## ग्राम पंडरी के आसपास डेरा जमाए है बाघ, तीन दिन पहले एक युवक पर किया था निवाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** न्यूरिया खुर्द गांव में एक दिन रेस्क्यू किए गए बाघ की दहशत को ग्रामीण भूले भी नहीं थे कि शुक्रवार को करीब डेढ़ किमी दूर पंडरी गांव के पास एक अन्य बाघ ने नीलगाय को निवाला बनाकर सनसनी फैला दी। घटना को लेकर ग्रामीण खासे दहशत में है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ अभी भी गांव के आसपास ही मंडरा रहा है। वन कर्मियों ने मृत पशु को दफनाने के साथ निगरानी बढ़ाई है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज से सटा आबादी का इलाका जंगल से बाहर निकले बाघों का गढ़ बनता जा रहा है। पिछले करीब तीन माह से रेंज से सटे पंडरी, सेमपुर, संडा, हरकिशनापुर आदि गांवों में बाघों की चहलकदमी जारी है। पिछले दिनों पंडरी गांव में बाघ ने हमला करके एक युवक को मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद यहां पिंजड़ा लगाया गया, लेकिन बाघ पकड़ में नहीं आया। तब वन अफसरों ने बाघ की लोकेशन न मिलने की बात कही थी। हालांकि ग्रामीण लगातार बाघ गांव के आसपास होने की बात कह रहे थे। इधर, तीन दिन पूर्व रेंज से ही सटे गांव संडा के पास सेमपुर निवासी युवक दिलीप का क्षतविक्षत शव खेत में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दिलीप की मौत वन्यजीव के हमले में होने की पुष्टि हुई थी। लगातार हो रहे बाघ के हमलों से ग्रामीण खासे दहशत में थे।


पिंजड़े में कैद बाघ (फाइल फोटो)।

- गुरुवार को न्यूरिया खुर्द गांव में वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पकड़ा था बाघ

गुरुवार को एक बाघ न्यूरिया खुर्द गांव के बाहर पेड़ों के बीच जाकर बैठ गया था। जिसे रेस्क्यू करके पिंजड़े में कैद कर लिया गया। बाघ के रेस्क्यू होने के बाद रेंज से सटे गांवों के ग्रामीण खासी राहत महसूस कर रहे थे। मगर यह राहत लंबे समय बरकरार नहीं रह सकी। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने गांव से करीब 500 मीटर दूर खेत के पास एक नीलगाय का शव पड़ा देखा तो दहशत फैल गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों को उस समय हुई, जब कुछ लोग खेतों में खड़ी फसल देखने गए। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ के हमले में नीलगाय की मौत हुई है। घटना की जानकारी लगते ही पंडरी गांव में एक बार फिर दहशत फैल गई। घटना की जानकारी सामाजिक वानिकी प्रभाग को दी गई। सूचना पर पहुंची वन कर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर मृत पशु को दफना दिया। इधर, घटना के बाद से बाघ गांव के आसपास ही मंडरा रहा है। वन दरोगा शंकर सिंह ने बताया कि बाघ हमले में नीलगाय की मौत हुई है। घटना के बाद निगरानी बढ़ा दी गई है।

### रेस्क्यू किए गए बाघ को 24 घंटे बाद मिली आजादी, पीटीआर के कोर एरिया में छोड़ा गया

महोफ रेंज से करीब डेढ़ किमी दूर गांव न्यूरिया खुर्द उर्फ शिवपुरिया के समीप रेस्क्यू ऑपरेशन करके पकड़े गए बाघ को पीटीआर के सेफ हाउस में रखा गया था। बाघ को छोड़ने का फैसला प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव द्वारा लिया जाना था। वन अफसर शासन के आदेश का इंतजार कर रहे थे। शुक्रवार दोपहर बाद पीसीसीएफ द्वारा रेस्क्यू किए गए बाघ को पीटीआर के जंगल में छोड़ने की अनुमति दी गई। अनुमति मिलने के बाद शाम को पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह की देखरेख में बाघ को पीटीआर के कोर एरिया में छोड़ दिया गया। इस दौरान पीटीआर के उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, महोफ रेंजर सहेंद्र यादव, माला रेंजर रॉबिन सिंह, रेंजर पीयूष मोहन श्रीवास्तव समेत वनकर्मी मौजूद रहे।

> न्यूरिया खुर्द से रेस्क्यू किए गए बाघ को रिलीज करने के संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक को पत्र भेजा गया था। अनुमति मिलने के बाद बाघ को पीलीभीत टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में रिलीज किया गया है। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

# पीलीभीत-शाहगढ़ के बीच रेलवे ट्रैक पर आज दौड़ेगी सीआरएस स्पेशल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


नवनिर्मित पीलीभीत- शाहगढ़ रेल ट्रैक।

- निरीक्षण के दौरान ही होगा स्पीड ट्रायल, डीआरएम ने जारी किए निर्देश
- साढ़े पांच साल बाद पीलीभीत से लखनऊ तक ट्रेन में सफर की जगी उम्मीद

**अमृत विचार:** रेल संरक्षा आयुक्त शनिवार को नवनिर्मित पीलीभीत-शाहगढ़ रेल खंड का निरीक्षण करेंगे। इसके लिए 30 एवं 31 मार्च की तारीख तय की गई है। इस दौरान स्पीड ट्रायल भी होगा। डीआरएम ने स्पीड ट्रायल के मद्देनजर लोगों से ट्रैक के करीब न आने और मवेशियों को दूर रखने की अपील की है।

लखनऊ-पीलीभीत रेल खंड में चार चरणों में आमान परिवर्तन का कार्य होना था। पहले चरण में लखनऊ से सीतापुर, दूसरे चरण में सीतापुर से लखीमपुर, तीसरे चरण में लखीमपुर से मैलानी और चौथे चरण में मैलानी से पीलीभीत के बीच आमान परिवर्तन का कार्य होना था। तीन चरणों में काम पूरा होने के बाद रेल विकास निगम लिमिटेड ने मई 2018 में मैलानी-पीलीभीत रेल खंड पर मेगा ब्लॉक लिया गया था।

जिसके बाद कार्यदायी संस्था द्वारा इस रेल खंड पर आमान परिवर्तन का कार्य शुरू किया गया। मगर, माला में वन विभाग की आपत्ति के चलते पिछले साल नवंबर में मैलानी से शाहगढ़ के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया था। वन विभाग से एनओसी मिलने के बाद शाहगढ़ से पीलीभीत के बीच आमान परिवर्तन एवं विद्युतीकरण का कार्य शुरू कराया गया था। जो अब पूरा हो चुका है। कार्य पूरा होने के बाद सीआरएस निरीक्षण को लेकर पत्रावली गोरखपुर भेजी गई थी। इधर नवनिर्मित पीलीभीत-शाहगढ़ रेल खंड के सीआरएस निरीक्षण को लेकर 30 व 31 मार्च की तारीख तय कर दी गई। इधर, रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल लखनऊ प्रणजीव सक्सेना शनिवार से आमान परिवर्तित एवं विद्युतीकृत रेल खंड का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान स्पीड ट्रायल भी किया जाएगा। इज्जतनगर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के मद्देनजररेल पथ के किनारे प्रवास करने वालों से अपील की है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान रेल लाइन पर न तो स्वयं जाए, न ही अपने मवेशियों को रेल पथ पर जाने दें। सीआरएस निरीक्षण की तिथि घोषित होने पर जनपदवासियों में साढ़े पांच साल बाद पीलीभीत से राजधानी लखनऊ तक का ट्रेन से सफर करने की उम्मीद जागी है। इधर, रेल विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक(सिविल) एसके वर्मा ने लोगों से रेलवे लाइन पार न करने और पशुओं को न छोड़ने की अपील की है। कहा है कि शनिवार से इस रेलखंड पर स्पीड ट्रायल का काम शुरू कर दिया है।

### साफ करने का झांसा देकर जेवर ले गए जालसाज

**पीलीभीत।** शहर के मोहल्ला थान सिंह निवासी नीलम पत्नी नंदलाल ने सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 15 मार्च को वह पड़ोस की यशोदा देवी के साथ घर के बाहर खड़ी थी। इस बीच दो लोग पाउडर बेचने आए। उन्होंने प्लेट और पायल साफ करके दिखाई। इसके बाद सोने की चेन, कुंडल आदि उतरवा लिए और कहा कि वह इसे भी साफ कर देंगे। दो दिन बाद वापस लौटाने की बात कही और जेवर लेकर चले गए। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बीसीए के छात्र यश बने कॉलेज टॉपर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से बीसीए के प्रथम,तृतीय और पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के छात्र- छात्राओं का परिणाम बेहतर रहा। प्रथम सेमेस्टर में तान्या शर्मा 78.71 प्रतिशत अंक पाकर टॉपर चुनी गई। जबकि अमित वर्मा 75.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और स्नेहा भास्कर 68.42 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रहीं। तृतीय सेमेस्टर में अमन गंगवार 79.86 प्रतिशत अंक पाकर अव्वल रहे। भूमिका सागर और दीपांजली राणा 77.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रिंस 74.71 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं पंचम सेमेस्टर में यश वर्मा 80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पाया। कृतिका गुप्ता 78.71 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और जीशान अहमद 75.86 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कॉलेज का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कॉलेज के कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमंत जगोता ने छात्र - छात्राओं को बधाई दी।

### मुंतहा शम्सी चुनी गई कॉलेज टॉपर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** इकरा पब्लिक स्कूल गर्ल्स इंटर कॉलेज में शैक्षिक सत्र का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा एक से 11 तक के छात्र-छात्राओं का परीक्षा फल वितरण किया। कक्षा सात में मुंतहा शम्सी ने कॉलेज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक में अदीना फातिमा, कक्षा दो में इकरा लईक, कक्षा तीन में मोहम्मद अली, कक्षा चार में इल्मा फातिमा, कक्षा पांच में गौसिया, कक्षा छह में इकरा फातिमा, कक्षा आठ में सायरा बी, कक्षा नौ में इकरा, और कक्षा 11 में गलिया नूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अख़लाक़ हसन खान की ओर से सभी प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए मिले 22 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिले में 4186 बच्चे आउट ऑफ स्कूल, पाठ्य सामग्री के लिए हर बच्चे को मिलेंगे 535 रुपये
- नए सत्र में नामांकन कराकर पढ़ाई के लिए किया जाएगा अभिभावकों को प्रेरित

**अमृत विचार :** स्कूल न जाने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। इसके लिए शासन ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों को जोड़ने के लिए 22 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। इस धनराशि से बच्चों की पढ़ाई के लिए कॉपियां, पेंसिल, रबर, कटर के साथ ही पाठ्य पुस्तकें खरीदी जाएंगी। इसके लिए प्रत्येक बच्चे को 535 रुपये देय होंगे। साथ ही इन बच्चों का पुनः स्कूलों में नामांकन कराकर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया जाएगा।

जिले में इस बार 4186 आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित किया गया है। इनमें अकेले पूरनपुर ब्लॉक के 180 स्कूलों के लगभग एक हजार बच्चे आउट आफ स्कूल चिन्हित किए गए हैं। इनमें 755 बच्चे प्राथमिक और लगभग 245 बच्चे उच्च प्राथमिक स्कूल के हैं। इसी तरह अन्य ब्लॉकों के स्कूलों में भी इसी तरह का हाल है। जो शिक्षा से कोसों दूर चले गए हैं। हालांकि नए सत्र शुरु होने से पहले अभी और भी ऐसे बच्चों को ढाबे, होटल, भट्टे आदि पर जाकर चिन्हित करने का काम किया जाएगा। यह वह बच्चे हैं जो कुछ दिन स्कूल जाने के बाद पढ़ाई छोड़कर घर बैठ गए।

इसलिए उन्हें आउट आफ स्कूल माना गया है। ऐसे बच्चों को शिक्षित करने के लिए शासन की ओर से शारदा संघनित पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसमें आउट ऑफ स्कूल बच्चों को पाठ्य सामग्री दी जाएगी। शासन की ओर से प्राथमिक के बच्चे के लिए छह किताबों का सेट, और उच्च प्राथमिक आठ किताबों का सेट दिया जाएगा। इसके साथ ही कॉपियां, पेंसिल, रबर, कटर, क्रेयान, पेन, आर्ट कॉपी, स्लेट पेन, चार्ट पेपर व फाइल कवर आदि के लिए प्रति बच्चा 535 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा बीआरसी पर पहुंची अन्य पाठ्य सामग्री भी उन्हें दी जाएगी। यह 535 रुपये स्कूल की प्रबंध समिति के खाते में भेजे जाएंगे। बीएसए अमित कुमार सिंह ने बताया कि इन बच्चों का नामांकन फिर से कराया जाएगा।


VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

## वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**


# भाजपा ने आयोजित किए बूथ सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की ओर से शुक्रवार को शहर व पूरनपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किए गए। इसमें प्रदेश सरकार के दुग्ध एवं पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को रिकार्ड मतों से जीत दिलाने की बात कहते हुए कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क करने के लिए कहा गया।

बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के दौरान मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता चुनाव को देखते हुए जनसंपर्क अभियान शुरू कर दें। शीर्ष नेतृत्व द्वारा पीलीभीत लोकसभा से जितिन प्रसाद को उनकी क्षमता के आधार पर उतारा गया है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे लाभार्थी निश्चित रूप से आगे आकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार नेतृत्व देने जा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि एक-एक वोट मोदी जी को मजबूत बनाएगा। विधान परिषद सदस्य व लोकसभा प्रभारी डॉ.सुधीर गुप्ता,भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, विकास श्रीवास्तव, धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, स्वतंत्र देवल आदि मौजूद रहे। शाम को कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह शहर के विशाल टॉकीज परिसर में बनाए गए कार्यालय पहुंचे और मीडिया से बातचीत की।


बूथ सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जितिन प्रसाद और मंचासीन अतिथि।

- मंत्री धर्मपाल सिंह बोले-कार्यकर्ता चुनाव को देखते हुए जनसंपर्क अभियान शुरू कर दें

### दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**पीलीभीत।** उपाधि महाविद्यालय में शनिवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी शुरू होगी। जिसमें देश भर के शिक्षाविद, हिंदी के प्रमुख विद्वान शामिल होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुष्यंत कुमार, हिंदी विभाग अध्यक्ष /संयोजक डॉ. प्रणव शास्त्री ने बताया कि इस संगोष्ठी की शुरुआत मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राजेश लाल मेहरा कराएंगे। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य डॉ. राज नारायण शुक्ला, डॉ.राधाकृष्ण दीक्षित होंगे।राष्ट्रीय एकता और हिंदी विषय पर संगोष्ठी होगी। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन अग्रवाल, अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के डॉ. बलजीत श्रीवास्तव,बाराबंकी के डॉ. अनिल विश्वकर्मा, कवि डॉ. राहुल अवस्थी आदि शामिल होंगे। संगोष्ठी सुबह साढ़े नौ बजे से 12 बजे तक चलेगी।

### बाल विकास परियोजना कार्यालय में चोरी, रिपोर्ट

**पीलीभीत।** बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेंद्र कुमार वर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि नौ मार्च को सुबह 10 बजे विभागीय कार्यक्रम मरौरी ब्लॉक में चल रहा था। इस दौरान कनिष्ठ सहायक राजेंद्र गौतम को कुछ सामान लेने के लिए कार्यालय भेजा गया। जब राजेंद्र वहां पहुंचे तो पता चला कि कार्यालय से इनवर्टर, बैटरी, प्रिंटर आदि चोरी हो चुका है।

# देवीपुरा गोशाला में कैसे मरे गोवंश, सीवीओ करेंगे जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बिना पोस्टमार्टम कराए दफना दिए गोवंश, केयर टेकरों पर लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार:** देवीपुरा गोशाला में गुरुवार को कई गोवंश मृत पाए गए थे। शुक्रवार को दूसरे दिन भी गोवंश की मौत की वजह सामने नहीं आई। बल्कि मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कराए बगैर दफना दिया गया। इस पूरे प्रकरण में जिम्मेदार खुद को बचाने के लिए लापरवाही का ठीकरा केयर टेकर पर फोड़ रहे हैं। फिलहाल इस मामले में मुख्य विकास अधिकारी ने सीवीओ को जांच सौंपते ही रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। गोवंश की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी जांच रिपोर्ट आने के बाद हो पाएगी।

देवीपुरा गोशाला में पशुओं की मौत की जानकारी मिलने पर गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री प्रिंस गौड़ व अन्य कार्यकर्ताओं ने गोशाला पहुंचकर हंगामा किया था। इससे मामला प्रशासन तक जा पहुंचा। आनन-फानन में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अरविंद कुमार, बीडीओ मरौरी मृदुला ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की पड़ताल की थी। जांच में बीडीओ द्वारा तीन पशुओं के मृत मिलने की पुष्टि की गई थी। कार्यकर्ताओं ने गोशाला में पशु दान करने के नाम पर घोटाला करने का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की थी। वहीं जिम्मेदार लापरवाही का ठीकरा केयर टेकरों पर फोड़ते हुए खुद को बचाते नजर आए। पहले दिन पोस्टमार्टम के बाद ही पशुओं के मरने की वजह स्पष्ट होने की बात कही गई थी। मगर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराए बिना दफना दिया।

> देवीपुरा गोशाला प्रकरण में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में कोई कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम के बारे में जानकारी कराएंगे। –**धर्मेंद्र प्रताप सिंह**, सीडीओ

> मृत पशुओं का पोस्टमार्टम मौत पर संदेह प्रतीत होने पर कराया जाता है, लेकिन यहां ऐसा नहीं था। प्रथम दृष्टया केयर टेकरों की लापरवाही सामने आ रही है। इस मामले की जांच कर रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को सौंपी जाएगी। – **डॉ. अरविंद कुमार**, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

रमज़ान मुबारक
उन्नीसवां रोज़ा इफ्तार 30 मार्च 2024
सुन्नी - 06:31 बजे
शिया - 06:38 बजे
बीसवां रोज़ा सहरी 31 मार्च 2024
सुन्नी - 04:39 बजे
शिया - 04:31 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर 60 हजार रुपये ठगे

**पीलीभीत, अमृत विचारः** सफाई कर्मचारी पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर जालसाज ने साठ हजार रुपये ठग लिए। चार साल बाद भी न तो नौकरी लगी न ही रुपये लौटाए गए। पुलिस ने एसपी के आदेश पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। जहानाबाद क्षेत्र के सहगवां नगरिया निवासी विजयपाल सिंह ने दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया कि बरेली जनपद के नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम गोला टांडा निवासी गोधनलाल 20 अगस्त 2020 को उसके घर आया। सफाई कर्मचारी की नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इसके एवज में साठ हजार रुपये लिए थे। मगर अब तक न तो रकम लौटाई न ही नौकरी लग सकी है। रुपये वापस मांगने पर धमकी दे रहा है।

### खेल कोटे से 2011 में यूपी पुलिस में सिपाही पद पर हुई भर्ती, नौकरी पाने के बाद जीता गोल्ड मेडल

# पिता चला रहे चाय की दुकान, बेटी ने खेलों में नेशनल स्तर पर पाया मुकाम

सौरभ सिंह, पीलीभीत


अनीता पासवान।

- नौकरी के बाद भी खेल में दमखम दिखा रहीं पीलीभीत की अनीता

**अमृत विचारः** खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले, खुदा बंदे से खुद पूछे बता तेरी रजा क्या है...यह पंक्तियां पीलीभीत में जिला अस्पताल के बाहर चाय बेचने वाले रामविलास की बेटी अनीता पासवान पर सटीक बैठती हैं। पुराने रीति रिवाजो को पीछे छोड़ कर उन्होंने जिस हौसले व जज्बे से मुकाम हासिल किया, उसे पाने के लिए हर महिला सपना देखती है। बिना थके दौड़ते हुए कदम जिंदगी की रेस में उन्हें एक नया मुकाम हासिल करा देंगे इसका अंदाजा अनीता को भी नहीं था। उन्होंने स्पोर्टस कोटे में पुलिस आरक्षी की नौकरी हासिल कर ली। नौकरी हासिल करने के बाद वह यूपी पुलिस के लिए दौड़कर मेडल प्राप्त कर रही हैं।

शहर के मोहल्ला देशनगर में एक साधारण परिवार में जन्मीं अनीता पासवान के पिता रामविलास पासवान जिला अस्पताल के बाहर चाय की दुकान चलाते हैं। उनकी मां माधुरी देवी घरेलू महिला हैं। अनीता ने प्रारंभिक शिक्षा शहर के जीजीआईसी से पूरी की है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकीं। मगर उन पर खेल का जुनून सवार था। कक्षा छह की पढ़ाई के दौरान ही अनीता एथलेटिक्स गेम्स में उतर पड़ी। जब पहली बार वर्ष 1999 में स्टेडियम पहुंची तो उनका दौड़ में चयन हो गया। उत्साह से लबरेज अनीता ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्रत्येक पड़ाव को अपनी मेहनत और लगन से पार करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाई। हर स्तर पर मेडल जीतने के साथ उनकी प्रतिभा में निखार आता गया। वह घर के कामों में मां का हाथ बंटाती व शेष समय अपनी पढ़ाई और प्रैक्टिस में लगाती थीं। वर्ष 2000 में अनीता ने स्कूल जिला चैंपियनशिप और फिर मंडल चैंपियनशिप में विजय हासिल की। इसके बाद प्रदेश स्तरीय दौड़ में बस्ती खेलने गईं। जहां वह चैंपियन चुनी गईं।

वर्ष 2002 में कर्नाटक में आयोजित दौड़ में प्रतिभाग किया। जहां विजेता बनने के साथ ही उनका लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम हॉस्टल में चयन हो गया। मगर, अनीता दाखिला नहीं ले पाईं। इस दौरान उन्हें कुछ करीबियों ने घर की देहरी लांघने और लड़की होने की नसीहत देने की कोशिश की, लेकिन वह खेल से पीछे नहीं हटीं। जिला स्तर से मंडल और राज्य स्तर तक मेडल हासिल किए।

### राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में लहराया परचम

सरकार की ओर से वर्ष 2011 में निकाली गई पुलिस भर्ती में अनीता का स्पोटर्स कोटे के माध्यम से पुलिस आरक्षी के पद पर चयन हुआ। वर्तमान समय में उनकी तैनाती गौतम बुद्धनगर में चल रही है। इससे पहले बदायूं और अन्य जिलों में रह चुकी है। अपनी ड्यूटी के साथ ही प्रैक्टिस भी जारी रखते हुए अनीता ने जोनल व राज्य स्तर पर पुलिस टीम में रहते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। यूपी पुलिस में आने के बाद राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अनीता पांच और 10 किलोमीटर की विजेता रही। वर्ष 2019 में जयपुर में आयोजित मास्टर एथलीट नेशनल 10 किलोमीटर दौड़ में भी अनीता ने पुलिस के लिए गोल्ड मेडल जीता। इससे पूर्व भी वह हैदराबाद में हुई प्रतियोगिता में भी मुकाम हासिल कर चुकी है। अब वह पुलिस विभाग के लिए दौड़ती हैं। अनीता का कहना है कि खेल के दम पर ही उन्हें यह मुकाम मिला है। इसलिए वह खेल को नहीं छोड़ेगी। पहले परिवार प्रेरित करता था। अब शादी होने के बाद पति उन्हें खेल में आगे बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि अब वह इंडिया पुलिस टीम में शामिल होने को लक्ष्य बनाया है। जिससे वह जरुर पूरा करेंगी।

# जिले में हाईअलर्ट, सड़कों पर रहे अफसर संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस-पीएसी मुस्तैद

### मुख्तार अंसारी की मौत के बाद हरकत में आया पुलिस प्रशासन, कड़ी सुरक्षा के बीच हुई नमाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शासन स्तर से हाई अलर्ट जारी किया गया था। इसके बाद जिले में सुरक्षा बंदोबस्त सख्त हो गए। शुक्रवार को जुमा की नमाज के दौरान अधिकारी सड़कों पर भ्रमण करते रहे। प्रमुख स्थानों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस, पीएसी और एसएसबी के जवान मुस्तैद रहे। को भी ड्यूटी पर लगाया गया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष निगाह रखी गई। जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर पुलिस-पएसी रही। हालांकि कही से भी किसी तरह का विरोध या खुराफात सामने नहीं आई।

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत की खबर आने पर गुरुवार रात से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया था। लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस पहले से विशेष सतर्कता बरतती रही। इसी बीच किए गए हाई अलर्ट के बाद सुरक्षा इंतजाम और सख्त कर दिए गए। रात से ही पुलिस अधिकारियों ने भ्रमण कर शहर समेत ग्रामीण इलाकों पर नजर बनाए रखी। खुफिया विभाग भी निगरानी में जुट गया। शुक्रवार को सुबह से ही शहर के मुख्य चौराहों और मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर पुलिस के साथ ही पीएसी के जवानों की भी तैनाती कर दी गई।

जुमे की नमाज भी थी, तो अफसर भी सड़कों पर भ्रमण करते रहे। रंगीलाल चौराहा, देशनगर, लाल रोड, गैस चौराहा समेत कई इलाकों में पुलिस बल रहा। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल नरेश त्यागी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ भ्रमण करते रहे। मस्जिदों के आसपास भी पुलिस बल की सुबह से ही तैनाती रही। दोपहर में जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा हुई। इस दौरान बाहर तिराहे पर अधिकारी फोर्स के साथ डटे रहे। इसके बाद शाम को पैदल गश्त कर सुरक्षा बंदोबस्त का एहसास कराया गया।


शहर के रंगीलाल चौराहे पर मुस्तैद पुलिस। ● अमृत विचार


बरखेड़ा इलाके में फ्लैग मार्च करते एसएसबी के जवान और पुलिस।

### बरखेड़ा में पैरामिलिट्री फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

**बरखेड़ा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास करा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस ने ग्रामीणों से संवाद कर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए सहयोग की अपील की। दौलतपुर पट्टी, आमडार, पिपरिया मंडन, बर्रामऊ, कटकवारा, रम्पुरानत्थू बहादुरपुर हुक्मी, जिरौनिया आदि गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

## दो अलग-अलग स्थानों से किशोरी और युवती लापता एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचारः** न्यूरिया थाने में क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री को 22 मार्च की शाम पांच बजे टांडा विजेंसी गांव निवासी गौतम मंडल बहला फुसलाकर ले गया। जब आरोपी के घर जाकर बेटी के बारे में जानकारी करनी चाही तो धमकी देकर भगा दिया गया। पुलिस ने गौतम मंडल, गोकुल मंडल समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

उधर, जहानाबाद थाने में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी अठारह वर्षीय विवाहित पुत्री होली पर घर आई हुई थी। उसे पुरैना गांव निवासी हरप्रसाद उर्फ छोटू 27 मार्च को फुसलाकर ले गया। बेटी नकदी और जेवरात भी ले गई। पुलिस ने सात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने अनुसान मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## दूसरे दिन भी उत्तराखंड पुलिस ने देखे सीसी टीवी कैमरों के फुटेज

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** नानकमत्ता गुरुद्वारे के कारसेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपियों की तलाश में आई उत्तराखंड पुलिस ने शुक्रवार दूसरे दिन भी डेरा जमाए रही। शुक्रवार को भी बरखेड़ा क्षेत्र में कुछ प्रतिष्ठानों पर जाकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किए और स्थानीय पुलिस के सहयोग से चेकिंग की।

नानकमत्ता गुरुद्वारा के कार सेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारे बाइक पर सवार होकर आए थे और वारदात कर भाग गए। हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज दूसरे दिन भी सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा। उत्तराखंड की पुलिस गुरुवार को ही पीलीभीत पहुंची थी और सुरागरसी कर रही थी। दूसरे दिन शुक्रवार को भी उत्तराखंड पुलिस की टीम बरखेड़ा क्षेत्र में रही। स्थानीय पुलिस के सहयोग से चेकिंग भी की जाती रही। पूरनपुर, माधोटांडा, अमरिया और न्यूरिया क्षेत्र में भी जांच पड़ताल की गई। उत्तराखंड पुलिस के दो दरोगा गुरुवार देर रात थाना बरखेड़ा पहुंचे थे।

# सेल्समैन ने घपला छिपाने को गढ़ी थी लूट की कहानी

संवाददाता, बरखेड़ा


आरोपी सेल्समैन जितेंद्र वर्मा।

- बरखेड़ा पुलिस ने दूसरे दिन किया घटना का खुलासा, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमृत विचारः** देशी शराब की दुकान के सेल्समैन ने घपलेबाजी छिपाने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। पुलिस ने वारदात का खुलासा कर आरोपी सेल्समैन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसहा ग्वालपुर निवासी देशी शराब की दुकान के सेल्समैन जितेंद्र वर्मा ने बुधवार रात पुलिस को लूट की सूचना दी थी। उसका कहना था कि पुलिस बताकर उसके घर में घुसे तीन बदमाश 28 हजार रुपये और 28 पेटी शराब लूट ले गए थे। रात भी पुलिस घटना को लेकर गांव में फील्ड यूनिट की मदद से पड़ताल करती रही। उधर, ठेकेदार के पति अमित गुप्ता ने सेल्समैन के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को सेल्समैन की ओर से बताई जा रही कहानी पर संदेह था। ऐसे में पुलिस ने सेल्समैन से पूछताछ की तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पहले तो गुमराह करने की कोशिश करता रहा, लेकिन अंत में पुलिस खुलासे तक पहुंच गई।

इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि सेल्समैन ने खुद को बचाने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। गवाह तैयार करने के लिए हाथ-पैर में रस्सी लपेटकर मकान के बाहर आकर लेट गया था।

पूछताछ में सामने आया कि सेल्समैन हर दिन शराब की छिपकर बिक्री कर देता था और उसके रुपये हड़प कर जाता था। होली पर भी काफी शराब की बिक्री कर गोलमाल कर दिया था। हिसाब में गड़बड़ी न पकड़ी जाए, इसलिए लूट की कहानी गढ़ी थी।

# हार्डवेयर शोरूम में लगी भीषण आग

संवाददाता, बिलसंडा

- दमकल की दो गाड़ियों से बमुश्किल पाया काबू
- शार्ट सर्किट से लगी आग में लाखों का सामान जला


दुकान से उठतीं आग की लपटें।

**अमृत विचारः** ईंटगांव में शुक्रवार देर शाम हार्डवेयर एंड प्लाईवुड के शोरूम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते दुकान से बड़ी-बड़ी लपटें निकलना शुरू हुईं तो भगदड़ मच गई। कड़ी मशक्कत के बाद दो दमकल गाड़ियों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू किया जा सका। आग लगने का कारण सीसीटीवी कैमरे की बायरिंग से हुए शार्टसर्किट को माना जा रहा है। जिसमें लाखों का नुकसान हुआ।

बमरोली रोड पर कस्बा ईंट गांव में पूर्व प्रधान रानी जायसवाल के मझिले पुत्र शिवम जायसवाल का हार्डवेयर पेंट, फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक का शोरूम हैं। शुक्रवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे शोरूम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते दुकान में रखा फर्नीचर जलने लगा और खिड़की व दरवाजों से ऊंची लपटें निकलने लगीं। चंद मिनटों में ही आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। आग का पता लगते ही दुकान स्वामी ,लेबर और आसपास पड़ोस के दुकानदार भाग खड़े हुए। चीख पुकार मच गई। इसकी सूचना मिलने पर करीब 20 मिनट बाद दमकल की गाड़ी पहुंच गई। मगर आग की भीषणता को देखते हुए एक गाड़ी कम पड़ रही थी। इस पर दूसर गाड़ी लेकर कर्मचारी आ गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू किया जा सका। हादसे में शोरूम का फर्नीचर,इलेक्ट्रॉनिक,पेंट,प्लाईवुड समेत लाखों का नुकसान बताया गया है।

### आग के गोले और धुआं देख दंग रह गए लोग

आग इतनी भीषण थी और इतना विकराल रूप ले चुकी थी कि शोरूम के इधर उधर बमरोली –ईटगांव रोड के दोनों ओर करीब 100 मीटर दूर ही लोग रुक गए। आग के उठते गोले और निकला धुएं का गुबार देख हर कोई दंग रह गया। ये देख दकम खुद व खुद थम गए। शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया गया है। फिलहाल दमकल टीम इसे लेकर पड़ताल करती रही।

# मुठभेड़ के दौरान गोली लगने के बाद बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता, पूरनपुर

- व्यापारी के घर हुई डकैती में एक और बदमाश पकड़ा गया
- मुख्य आरोपी समेत दो बदमाशों को पुलिस पहले भेज चुकी है जेल

**अमृत विचारः** किराना व्यापार के घर हुई 40 लाख की डकैती में शामिल रहे एक और बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। परिवार को बंधक बनाकर डकैती करने वाले तीसरे बदमाश को भी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। उसके दोनों पैर में गोली लगी। उसके पास एक लाख रुपये भी बरामद हुए। पुलिस मुख्य आरोपी समेत दो बदमाशों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

घटना 30 जनवरी की रात हुई थी। बंडा मार्ग पर गांव रमपुरा कपूरपुर निवासी किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के घर पांच बदमाश घुसे और असलहा के बल पर धमकाते हुए चालीस लाख की डकैती को अंजाम दिया था। 22 मार्च की सुबह पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया था। जिसमें एक मेरठ तो दूसरा रामपुर का रहने वाला था। दोनों पैर में गोली लगी थी। उनके कब्जे से साढ़े तीन लाख रुपये भी बरामद किए गए थे। इसके बाद से ही पुलिस की टीमें डकैती में शामिल अन्य बदमाशों की धरपकड़ में जुट गई थी। गुरुवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि डकैती करने वाले दो बदमाश बाइक से बंडा की तरफ से पूरनपुर आ रहे हैं। पुलिस ने बंडा रोड पर घेराबंदी की। पुलिस को देख बदमाश सुआबोझ गांव जाने वाले मार्ग पर भागने लगे, लेकिन उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस पीछा करते हुए पहुंची तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी।

पुलिस ने भी अपनी तरफ से दो फायर किए। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद कुशीनगर जिले के थाना पटेरिया क्षेत्र के ग्राम बेलवा आलमदास निवासी रमाशंकर कुशवाहा उर्फ पप्पू को गिरफ्तार कर लिया। उसके दोनों पैरों में गोली लगी। वर्तमान में आरोपी गाजियाबाद के थराना टीला मोड़ क्षेत्र के गरिमा गार्डन बिलाल मस्जिद के पास रह रहा था। जबकि उसका दूसरा साथी शहजाद उर्फ गब्बर पुत्र रहसूद्दीन मलिक निवासी नूरी मस्जिद के सामने सिद्धार्थनगर मुजफ्फरनगर भागने में सफल रहा। पकड़े गए आरोपी को जिला अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। तीन बदमाशों की धरपकड़ डकैती कांड में हो चुकी है। जबकि दे अभी भी फरार है। उन पर पुलिस ने 25-25 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा है। आरोपी रमाशंकर भी पच्चीस हजार का इनामी था। उस पर रामपुर, बरेली के अलावा उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में चोरी के सात मुकदमे दर्ज है। एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट के दो मुकदमे है। अब पुलिस पर फायरिंग करने पर जानलेवा हमले, आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट भी दर्ज की गई है। उसके पास से लूट के एक लाख रुपये भी बरामद किए है।


घायल बदमाश को ले जाते पुलिस कर्मी।

### बाबरिया गिरोह का है एक बदमाश

व्यापारी सुनील गुप्ता के घर हुई डकैती की घटना ने पुलिस को करीब दो तक छकाया। डकैतों को पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती बन चुका था। पूर्व एसपी अतुल शर्मा खुलासा करने में सफल नहीं हो सके। तत्कालीन कोतवाल प्रवीण कुमार को भी नवागत एसपी अविनाश चंद्र ने लाइन हाजिर कर दिया था। डकैती में पेशेवर अपराधी शामिल निकले हैं। तीन बदमाश अब तक जेल भेजे जा चुके हैं। जबकि दो बदमाश फरार है। बताते हैं कि फरार चल रहे दो में से एक बदमाश बावरिया गिरोह से जुड़ा है।

> मुठभेड़ के बाद डकैती की घटना में शामिल एक और बदमाश गिरफ्तार किया गया है। उसके दोनों पैर में गोली लगी है। पकड़े गए बदमाश पर पच्चीस हजार का इनाम घोषित था। फरार चल रहे दो बदमाशों की धरपकड़ को सुरागरसी चल रही है।
> – **संजीव कुमार शुक्ला**, कोतवाल

# बगैर प्रशिक्षण बैरंग लौटे शिक्षामित्र और अनुदेशक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मतदान अधिकारी प्रथम में लगाई ड्यूटी, मतदान अधिकारी द्वितीय का लिया जाएगा काम

**अमृत विचारः** मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में हिस्सा लेने पहुंचे कई शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को बैरंग लौटना पड़ा। शिक्षामित्रों को यह कहकर वापस कर दिया गया कि आज उनका प्रशिक्षण नहीं होगा। अब उन्हें मतदान अधिकारी द्वितीय के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन सभी को ड्यूटी मतदान अधिकारी प्रथम में लगाई गई थी।

लोकसभा चुनाव को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों की ड्यूटी मतदान अधिकारी प्रथम के तौर पर लगाई गई थी। 21 मार्च को सभी को ड्यूटी संबंधी आदेश देने के साथ रिसीविंग भी ले ली गई थी। निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को तमाम शिक्षामित्र एवं अनुदेशक बेनहर पब्लिक स्कूल जा पहुंचे। जहां उन्हें बताया गया कि वे मतदान अधिकारी द्वितीय के तौर पर काम करेंगे। इसको लेकर ड्यूटी करने गए शिक्षामित्रों और अनुदेशकों में असमंजस की स्थिति बनी रही। उनका आरोप था कि ड्यूटी हटने और प्रशिक्षण न होने की किसी को जानकारी नहीं दी गई। ऐसे में उनको नुकसान उठाना पड़ा। यदि वह प्रशिक्षण में नहीं आते तो उनके खिलाफ कार्रवाई भी हो जाती। इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि सभी को संशोधित ड्यूटी कार्ड जारी कर दिया गया था। बीईओ के माध्यम से भी सूचना भिजवा दी गई थी।

# कार्मिकों को दिए निष्पक्ष मतदान कराने के टिप्स

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर लिया जायजा, दिए निर्देश
- सात मतदान कार्मिक रहे गैरहाजिर, 30 मार्च को प्रशिक्षण में हिस्सा लेने को कहा गया

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने निष्पक्ष तरीके से मतदान कराने के टिप्स देने के साथ ईवीएम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। पहले दिन सात मतदान कार्मिक गैरहाजिर रहे। इन सभी को 30 मार्च को होने वाले प्रशिक्षण में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। शुक्रवार से शहर के बेनहर पब्लिक स्कूल में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण देने की शुरुआत हो गई। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह की देखरेख में दो पालियों में प्रशिक्षण की शुरू किया गया। पहले दिन 1560 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। पहली पाली में सुबह साढ़े नौ बजे से एक बजे तक एवं दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक 780-780 पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण की व्यवस्था 26 कमरों में की गई थी। सभी में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन की बारीकियों के बारे में बताया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने पहुंचकर प्रशिक्षण का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान कार्मिको को निर्देशित करते हुए कहा कि मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैड के संबंध में दी जा रही जानकारी को अच्छी तरह सीख लें, जिससे मतदान के दिन कार्य करने में कोई समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने मास्टर ट्रेनर से कहा कि सभी कार्मिकों को मशीनों का प्रशिक्षण मौके पर कराकर दिखाया जाए, जिससे मशीन के सभी पार्ट के बारे में अच्छी जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कार्मिक प्रभारी/सीडीओ को निर्देश दिए कि मशीनों के प्रशिक्षण के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण कराया जाए। पहले दिन सात मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। कार्मिक प्रभारी/सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सभी अनुपस्थित कार्मिकों को शनिवार को होने वाले प्रशिक्षण में शामिल होने के निर्देश दिए है।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया भी रहीं।


मतदान कार्मिकों से जानकारी लेते जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य।

### दो अप्रैल को आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो अप्रैल को पीलीभीत आएंगे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से उनका कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट ने बताया कि दो अप्रैल की सुबह 11.30 बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उनका उड़न खटोला उतरेगा। इसके बाद वह राम इंटर कॉलेज के सामने 11.35 बजे प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। 12.55 बजे बदायूं चले जाएंगे। कार्यक्रम मिलने के बाद मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। हालांकि भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के प्रचार को लेकर उनका आगमन पहले ही तय माना जा रहा था। पहले 31 मार्च को उनके आने की बात कही जा रही थी। जिसके चलते तैयारियां काफी हद हो चुकी हैं।

### किशोरी से मारपीट करने वाले को तीन साल कैद

**पीलीभीत।** किशोरी से मारपीट और धमकाने के आरोपी को न्यायालय ने तीन साल कैद और जुर्माने से दंडित किया। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार शर्मा ने की। सुनगढ़ी थाने में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि 15 जुलाई 2017 को वह पत्नी की दवा लेने गए थे। चौदह वर्षीय पुत्री खेत में घास काट रही थी। गांव का ही सद्दाम अपने एक साथी संग खेत पर पहुंचा। बेटी को पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट की गई। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश गीता सिंह ने आरोपी सद्दाम को दोषी पाते हुए तीन साल कैद की सजा सुनाई। पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

### बस चालक के खिलाफ एफआईआर

**पूरनपुर।** जनपद लखीमपुर के थाना धौरहरा के गांव डिडुआ के सुशील कुमार पुत्र छोटई 21 मार्च को देहरादून से घर जा रहे थे। पूरनपुर पीलीभीत मार्ग पर खमरिया तिराहे से पहले बस चालक ने सड़क किनारे खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी थी। हादसे में सुशील की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए। मृतक सुशील के भाई विनोद कुमार ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हर दर्द का इलाज करते हैं



डॉ. रूप किशोर

समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक

गठिया

फालिज

जोड़ों एवं नसों का दर्द

झनझनाहट

सुन्नपन

फातिमा हॉस्पिटल

जगतपुर रोड, बरेली

9267043010


# श्रद्धालुओं को नहीं मिल रही सवारी, बसों-ट्रेनों में सीट को लेकर मारामारी

## मां पूर्णागिरि धाम जाने वालों की बढ़ रही भीड़, व्यवस्थाओं पर नहीं ध्यान, रोडवेज ने बढ़ाईं 15 बसें हो रहीं नाकाफी, एक अप्रैल से चलेगी मेला स्पेशल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पूर्णागिरि मेला शुरू होने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। यात्रियों की भीड़ बढ़ने से इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। ट्रेन हो या रोडवेज बस दोनों में सीट को लेकर मारामारी मच रही है। सवारी के इंतजार करने के दौरान भी व्यवस्थाएं नाकाफी हैं। रेलवे जंक्शन पर न तो यात्रियों के लिए बैठने की समुचित सुविधा है, न ही पर्याप्त शौचालय।

उत्तराखंड के चंपावत स्थित मां पूर्णागिरि धाम नौ शक्ति पीठों में से एक है। यहां हर वर्ष होली के बाद यह मेला शुरू हो जाता है। होली के बाद पूर्णागिरि माता के दर्शन करने को श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ रही है। परिवहन निगम ने पूर्णागिरि जाने वाले यात्रियों की संख्या को देख्तो हुए 15 अतिरिक्त बसें लगाई हैं। पीलीभीत से टनकपुर के लिए करीब सात ट्रेनें चल रही हैं। मगर इनमें यात्रियों को जगह नहीं मिल पा रही है। मेला शुरू होने के बाद भी जंक्शन पर सुविधा के नाम पर यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। यात्री फर्श पर बैठकर ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। शुक्रवार को शाम करीब 5:20 बजे पीलीभीत- टनकपुर और पीलीभीत से बरेली जाने वाली ट्रेन में भारी भीड़ रही। कोई गेट पर लटककर सफर करता दिखा तो तो कोई पायदान के पास बैठकर। ट्रेन में शौचालय के गेट के बाहर तक पैर रखने की जगह नहीं थी। कई यात्रियों की तो ट्रेन भी छूट गई।



रेलवे जंक्शन पर पूर्णागिरि से लौटे श्रद्धालु।



रेलवे जंक्शन पर उमड़ी यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

### दो घंटे तक नहीं पहुंच रहीं बसें, भटक रहे यात्री

रेलवे के साथ ही परिवहन निगम के दावे भी खोखले साबित हो रहे हैं। कहने को तो परिवहन निगम की ओर से टनकपुर रूट पर 15 बसें लगाई गई है। साथ ही यह भी दावा किया जा रहा है। सवारी अधिक होने पर दिल्ली वाली बसों को भी भेजा जा रहा है। मगर परिवहन निगम के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। शुक्रवार को नौगवां चौराहा, रोडवेज, छतरी चौराहा और गौहनिया चौराहा के पास टनकपुर जाने वाले यात्री घंटो से बस का इंतजार करते दिखे। लेकिन कोई बस नहीं पहुंची। तो बाहर से आ रही थी। वह पहले ही फुल थी। ऐसे में दिन भर यात्री सड़कों पर भटकते रहे। शाम छह बजे नौगवां चौराहा पर टनकपुर जाने के लिए करीब 30 से अधिक यात्री खड़े मिले। जो गोला, मैलानी, बीसलपुर अन्य स्थानों से आए हुए थे। उनका कहना है कि दो घंटे से बस का इंतजार कर रहे हैं। मगर बस नहीं मिल रही है। ऐसे में कई यात्रियों में आपस में समन्वय स्थापित कर किराये की गाड़ी बुक कर टनकपुर के लिए रवाना हुए।



मां के दर्शन के बाद रेलवे जंक्शन से सिर पर सामान रखकर निकलती महिला। ● अमृत विचार





नौगवां चौराहा पर टनकपुर जाने वाली बस का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

### प्लेट फार्म तीन व चार पर शौचालय तक नहीं

पूर्णागिरि जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म नंबर तीन और चार पर आती और जाती है। जहां इन दिनों श्रद्धालुओं की बढ़ी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। लखीमपुर, गोला, मैलानी, कासगंज, मथुरा, अलीगढ़ समेत विभिन्न स्थानों से आने वाले श्रद्धालु प्लेटफार्म पर आने जाने वाली ट्रेन का इंतजार करते हैं। आलम यह है कि इस प्लेटफार्म पर कोई भी शौचालय नहीं बना हुआ है। जिस वजह से महिलाओं को खासी दिक्कतों का सामाना करना पड़ता है। रेलवे जंक्शन पर मात्र प्लेटफार्म नंबर दो पर शौचालय बना हुआ है। जहां भी शुल्क देना पड़ता है। ऐसे में लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। इधर, गर्मी की चटक शुरु होने के बाद धूप से बचने के लिए भी टिनशेड की व्यवस्था तक नहीं है।

### एक अप्रैल से चलेगी कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों को एक अप्रैल से कुछ राहत मिलेगी। रेलवे प्रशासन एक अप्रैल से कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन चलाएगा। मेला स्पेशल ट्रेन पीलीभीत जंक्शन से रोजाना सुबह 10 .05 बजे रवाना होगा। ट्रेन का संचालन अग्रिम आदेशों तक किया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा जारी आदेश के मुताबिक गाड़ी संख्या 05451 कासगंज-टनकपुर ट्रेन कासगंज रेलवे स्टेशन से सुबह पांच बजे रवाना होगी। कासगंज से रवाना होकर यह ट्रेन विभिन्न स्टेशनों से होती हुई सुबह 7 .44 बजे बरेली जंक्शन पर पहुंचेगी। पांच मिनट के ठहराव के बाद यह ट्रेन रवाना होकर सुबह दस बजे पीलीभीत जंक्शन पर पहुंचेगी। यह ट्रेन सुबह 10 .05 बजे पीलीभीत से रवाना होकर खटीमा, बनबसा होते हुए अपरान्ह 11 .55 बजे टनकपुर स्टेशन पर पहुंच जाएगी। वापसी में यह ट्रेन टनकपुर से दोपहर 2 .30 बजे पर रवाना होकर शाम चार बजे पीलीभीत जंक्शन पर पहुंचेगी। पीलीभीत में पांच मिनट रुकने के बाद यह ट्रेन बरेली समेत विभिन्न स्टेशनों से होते हुए रात्रि 9 .45 बजे कासगंज स्टेशन पर पहुंचेगी। मंडल रेल प्रबंधक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्पेशल ट्रेन पहली अप्रैल से अग्रिम आदेशों तक संचालित की जाएगी।

# सड़क तोड़कर नाला बनाने पर भड़के ग्रामीण, हंगामा

● एसडीएम से नाले के स्थान पर नौ इंच की नाली बनवाने की मांग

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** होटल मालिक ने सीसी रोड तोड़कर नाला बनाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। उनका कहना है कि नाले से अन्य लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी। ग्रामीणों ने नाला निर्माण का विरोध जताते हुए एसडीएम से शिकायत की है।

असम हाईवे के दक्षिण की ओर नारायणपुर ग्राम पंचायत से सटी नारायनपुर कॉलोनी है। हाईवे के किनारे बने एक होटल संचालक ने पीछे वाले गेट के सामने बना 12 फीट सीसी रोड तोड़ दिया। आरोप है कि होटल संचालक सड़क किनारे लगभग चार फीट चौड़े नाले का निर्माण करा रहा है, जबकि उस स्थान पर महज नौ इंच की नाली प्रस्तावित है। नाला बनाए जाने से सड़क की चौड़ाई काम हो गई, जिससे लोगों को वाहन निकालने में परेशानी होगी। गलत तरीके से नाले के निर्माण से कॉलोनी में जलभराव की आशंका भी बन गई है। बनाए जा रहे इस नाले में सिर्फ होटल का पानी जाएगा। उसका लाभ कालोनी में रहने वाले किसी अन्य ग्रामीण को नहीं मिलेगा। आरोप है कि ग्राम प्रधान और सचिव की मिली भगत के चलते अवैध रूप से नाले का निर्माण कराया जा रहा है। कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार को कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने निर्माण का विरोध जताया। ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर शिकायत की। उन्होंने नाले का निर्माण बंद करने की मांग की है। विरोध करने वालों में सुखदेव सिंह, सुच्चा सिंह, अशोक सिंह, नीतीश, हरमन सिंह, रोहित जसविंदर सिंह, नीलम पाल और गुरमेज सिंह आदि मौजूद रहे।



शिकायत पत्र दिखाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### पीलीभीत के युवक की दिल्ली में मौत

**पीलीभीत।** दिल्ली में इंदिरा गांधी एयरपोर्ट सीएजी इंस्पेक्टर पद पर तैनात पीलीभीत के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन दिल्ली रवाना हो गए। परिवार में चीख पुकार मची रही। शहर के मोहल्ला मदीनाशाह निवासी मुजाहिद भारत सरकार के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक (सी.ए.जी) के अधीन इंस्पेक्टर थे। वर्तमान में उनकी ड्यूटी इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली में चल रही थी। बुधवार रात को लक्ष्मीनगर स्थित अपने आवास से वह ड्यूटी पर गए थे। गुरुवार सुबह वह एयरपोर्ट स्थित कार्यालय के बाहर मृत मिले। दिल्ली पुलिस ने परिवार वालों को सूचना दी। जिसके बाद उनके भाई फाजिल अंसारी एडवोकेट रिश्तेदारों के साथ शुक्रवार सुबह दिल्ली रवाना हुए।

# ससुराल में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ससुराल में एक विवाहिता का शव दुपट्टे से बने फंदे से लटका मिला। सुनगढ़ी क्षेत्र के तेल मिल कॉलोनी निवासी सोमवती ने बताया कि उनके बेटे आकाश कुमार का विवाह 10 फरवरी 2023 को दियोरिया कला क्षेत्र के बकैनिया दीक्षित की रहने वाली 19 वर्षीय पूजा देवी से हुआ था।

शुक्रवार सुबह साढ़े चार बजे उनके पति देवेंद्र कुमार टनकपुर चले गए। करीब सात बजे उनका बेटा आकाश भी लखनऊ चला गया। कुछ देर के बाद वह काम पर चली गई। दोपहर साढ़े तीन बजे काम से वापस लौटी तो पुत्रवधू का शव दुपट्टे से फंदे पर लटका मिला। सीओ दीपक चतुर्वेदी, सुनगढ़ी इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडे सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मायके वालों को भी सूचना दे दी गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. रजनीकांत साहू

MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)

Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi

वरिष्ठ न्यूरो सर्जन

मो. 7417389433

सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर

पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली

मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8

7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा

M.D. (Ayu.)

बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ

क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है

जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।

क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।

श्रद्धा केयर अस्पताल

मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड

बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

चरक पैथलैब

विश्वसनीय परिणाम

स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज

जांचों पर विशेष छूट

समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध

39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली

मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक

घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

यशस्वी क्लीनिक

डॉ. अनिल मिश्रा

एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)

डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ

मो. 9896567597

स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
- लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।

समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।

पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली

सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059


### लकड़ी बीनने गई युवती से छेड़छाड़

**पूरनपुर, अमृत विचार:** बाग में लकड़ी बीनने गई युवती से एक युवक ने छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गया। कोतवाली में तहरीर देकर क्षेत्र की एक युवती ने बताया कि गुरुवार को वह बाग में लकड़ी बीनने गई थी। गांव का ही आकाश आ गया और अकेला पाकर पकड़ लिया। छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने की कोशिश की। पीड़िता ने शोर मचाया तो कुछ ग्रामीण मौके पर आ गए। इस पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

# जुमे पर मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की नमाज

● रमजान उल मुकद्दस:तीसरे जुमे पर मस्जिदों में रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

● उलेमाओं ने बताई जकात की अहमियत, अमन-चैन के साथ की मुल्क की तरक्की की दुआएं


कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** रमजान उल मुकद्दस के तीसरे शुक्रवार (जुमा) को मस्जिदों में नमाजियों की खासी तादाद रही। अकीदतमंदों ने अमन चैन के साथ मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान उलेमाओं ने इस महीने की फजीलतों पर रोशनी डालते हुए जकात की अहमियत बयां की।

रमजान शरीफ के महीने को रहमतों और बरकतों वाला महीना माना जाता है। पूरे महीने लोग अल्लाह की इबादत में मशगूल रहते हैं। सुबह फज्र की नमाज से लेकर जोहर, असर मगरिब और इशां की नमाज और तरावीह के लिए मस्जिदों में खासी भीड़ रहती है। महिलाएं घरों में पांच वक्त नमाज और कुरआन पाक की तिलावत करती हैं। छोटे-छोटे बच्चे भी इन रौनकों का हिस्सा बने रहते हैं।

शुक्रवार का दिन ज्यादा खास माना जाता है। इस क्रम में तीसरे शुक्रवार को तमाम मस्जिदों में जुमा की नमाजें अपने तय वक्त पर अदा की गईं। नमाज से पहले उलेमाओं ने रमजान शरीफ की फजीलतों पर भरपूर रोशनी डाली। सूफिया मस्जिद के इमाम मौलवी खतीब ने जकात के बारे में विस्तार से समझाते हुए उसके सही हकदार तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने साहिबे निसाब होते हुए भी जकात अदा न करने वालों पर अल्लाह के अजाब के बारे में समझाया। नमाज के बाद सभी जगह मुल्क की तरक्की और हिफाजत की दुआएं की गईं।

इधर शहर अल्पसंख्यक कांग्रेस के चेयरमैन सिद्दीक अहमद उस्मानी द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस, युसूफ मलिक, अभिनय गुप्ता गोल्डी, जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस चेयरमैन इश्तियाक अहमद अंसारी, कृष्णा पटेल, अनवार उस्मानी, दिलशाद हुसैन, मोहम्मद रेहान, शकील उस्मानी समेत कई लोगों ने शिरकत की।



शहर की जामा मस्जिद में तीसरे जुमे की नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

# गुड फ्राइडे पर क्रूस रास्ते का आयोजन, किया गम का इज़हार

● विशेष प्रार्थना में शामिल हुए ईसाई समुदाय के दर्जनों लोग

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** गुड फ्राइडे पर चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई। ईसा मसीह की कुर्बानी को याद करते हुए पुरोहित ने क्रूस रास्ते का आयोजन कराया। इसमें बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग शामिल हुए।

शुक्रवार को कस्बे के सेंट जोसेफ स्कूल परिसर स्थित चर्च में गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह की कुर्बानी को याद करते हुए मनाया गया। चर्च में पुरोहित फादर राजेश ने विशेष प्रार्थना कराते हुए क्रूस रास्ते का आयोजन किया। इस दिन बेकसूर जीसस को सूली पर चढ़ाया गया था।

सेंट जोसेफ चर्च में पर्व को मनाने के लिए बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से ईसाई समुदाय के लोग विशेष प्रार्थना में शामिल हुए। फादर ने बताया कि ईसा मसीह ने दुनिया व मानव की भलाई के लिए तकलीफें उठाई। इसके बाद फादर ने चर्च में क्रूस की आराधना कराई। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य सिस्टर दीपा, सिस्टर सुदीप्ति, ब्रदर लॉरेंस क्रास्टा, सुशील, जॉयस परेरा, जॉर्ज कुट्टी, लिली प्रकाश, सुमित सिंह, रायडन परेरा, रोनाल्ड परेरा, आनंद प्रकाश, संजय सिंह, जॉर्ज कुट्टी, प्रीति, सन्ध्या, पैट्रिक आनन्द, संजय सिंह, स्टेला मसीह, साधना, पतरस मसीह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में रचित को मिले 98 फीसदी अंक

● माता भगवती देवी गोशाला पर घोषित किया गया परीक्षा परिणाम

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** प्रसादपुर स्थित माता भगवती देवी गोशाला में शुक्रवार को पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और होली मिलन समारोह हुआ। गायत्री परिजनों ने होली की शुभकामनाएं दी। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में सात अक्टूबर 2023 को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 25 केंद्रों पर संपन्न कराई गई थी। ओएमआर शीट पर 100 प्रश्नों के उत्तर पूछे गए थे। इस परीक्षा में करीब 2000 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था। शुक्रवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इसमें तहसील स्तर में सुभाष चंद्र पब्लिक स्कूल जरा बुजुर्ग के छात्र रचित कुमार ने 98 अंक प्राप्त कर तहसील में प्रथम, पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्रा मंदोदरी देवी ने 95 अंक प्राप्त कर तहसील में द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय घुंघचाई के छात्र आजाद ने 94 अंक प्राप्त कर तहसील में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय स्तर पर सनातन धर्म इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्रा दिव्या शुक्ला, पंचम दास इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्रा सीमा देवी, सरस्वती ज्ञान मंदिर जूनियर हाई स्कूल की छात्रा ज्योति कुशवाहा, राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल जेठापुर कलां की छात्रा प्रतिज्ञा कुशवाहा आदि स्कूलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तहसील स्तर एवं विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। केंद्र व्यवस्थापक एवं गायत्री परिजन से कक्ष निरीक्षकों की भूमिका निभाने वाले रामभगत, रामकृपाल बाजपेई, नीरज शुक्ला, दोदराज, रामऔतार कुशवाहा, रामजी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने को जिला प्रशासन ने कसी कमर, डीएम अचानक इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम पहुंचे

# डीएम ने जानी निगरानी टीमों की लोकेशन, कहा- कोई चूक न हो

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों को पालन कराने के लिए विधानसभा वार सक्रिय निगरानी टीमों की लोकेशन जानने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और सीडीओ अनिल कुमार सिंह शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम पहुंचे और संबंधित कार्मिकों को दिशा-निर्देश दिए।


इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम में निगरानी टीमों की लोकेशन देखते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने फील्ड में मौजूद विधानसभा वार फ्लाईंग स्क्वायड और वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली। डीएम ने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी। सी-विजिल एप पर मिली शिकायतों के निस्तारण की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाए, कहीं पर भी निर्वाचन आयोग का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम/डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एडीईओ तौसीफ अहमद, एसडीएम विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### प्रत्याशी के खर्चे में जुड़ेगा स्टार प्रचारक की सभा का आधा खर्च

लोकसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार पर प्रशासन की नजर रहेगी। पार्टी के स्टार प्रचारकों के रोड शो, जनसभाओं आदि का आधा खर्च प्रत्याशी के खाते में जुड़ेगा। अगर मंच पर एक से ज्यादा प्रत्याशी हैं तो आधा खर्च पार्टी के खाते में जुड़ेगा, वहीं आधे खर्च में जो भी प्रत्याशी मंच पर होंगे, उनमें बंट जाएगा। स्टार प्रचारक के हेलीकॉप्टर से आने पर उसका भी खर्च जुड़ जाएगा। सीडीओ अनिल सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों को खर्च का ब्योरा देना होगा। रोड शो और जनसभाओं पर प्रशासन के अधिकारियों की नजर रहेगी और वीडियोग्राफी कराई जाएगी। बताया कि प्रत्याशियों को जन सभाओं और रैलियों की अनुमति पहले ही लेनी होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा की गई है। बिना अनुमति कोई भी रैली और जनसभा नहीं की जा सकेगी। चुनावी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी टीमें मुस्तैद हैं, जो रोड शो, रैली, बैठकों और जनसभाओं पर नजर रखेंगी। इस दौरान टेंट, साज–सज्जा, कुर्सी, स्टेज, कार्यकर्ताओं के लंच, पानी, चाय–नाश्ता आदि का पूरा खर्च शामिल किया जाएगा। बताया कि जिले में 24 उड़नदस्ता टीमें सक्रिय हो गई हैं, जिनकी नजर प्रत्याशियों की गतिविधियों पर रहेगी। यह टीमें नामांकन प्रक्रिया के समय से सक्रिय हो जाएंगी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जिले की खीरी और धौरहरा सीट के लिए 2890 बूथों पर मतदान होना है, जिसके लिए 14,452 कर्मचारियों की सूची तैयार की गई है। इसमें खीरी के 1848 और धौरहरा के 1042 बूथ हैं। प्रत्येक बूथ पर चार कर्मचारियों की जरूरत है।

## बॉयलर के बैक मारने से आउट सोर्सिंग कर्मी झुलसा

**निघासन, अमृत विचार:** सरजू सहकारी चीनी मिल में आउट सोर्सिंग कर्मचारी गुलशन कुमार बॉयलर इंचार्ज के पद पर गुरुवार रात ड्यूटी कर रहा था। ब्यॉलर की तीन भट्टियों में अलग अलग पंखे बंद करके आग को उसी के भीतर रोका जाता है।

गुलशन ने मजदूर से पंखे को बंद करने को कहा। सही ढंग से पंखा न बंद होने के कारण ब्यॉलर में आग बाहर तरफ निकल पड़ी। इससे पास में खड़े गुलशन झुलस गए। उन्हें सीएचसी निघासन लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी प्रभारी पीके रावत ने बताया कि देर रात कर्मचारी को लाया गया था।

# गर्मी में प्यास बुझाने को भटकने लगे लोग, खराब हैं हैंडपंप

## प्रमुख सड़कों से लेकर मोहल्लों में दर्जनों खराब हैंडपंप की नहीं की गई मरम्मत तो होगी पेयजल की भारी किल्लत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** धूप की तेजी दिन पर दिन बढ़ने लगी है। इससे लोगों का गला सूखने लगा है। ऐसे में राहगीरों को पेयजल की जरूरत पड़ रही है। मगर, शहर में लोगों को प्यास बुझाना मुश्किल हो रहा है। इसका कारण शहर में पेयजल के इंतजामों का नाकाफी होना है। न तो प्रमुख चौराहों पर हैंडपंप हैं और न ही मुख्य सड़कों के किनारे। जो हैंडपंप लगे हैं वे सालों से खराब पड़े हैं।

करीब ढ़ाई लाख की आबादी वाले जिला मुख्यालय पर रोजाना हजारों लोग विभिन्न कामों से आते हैं। इनके लिए शहर में पानी पीने के इंतजाम नाकाफी हैं। इसकी वजह सैकड़ों हैंडपंप का खराब होना है। ये नल एक दो साल से नहीं बल्कि पिछले कई सालों से बेकार हैं।पालिका प्रशासन इन्हें ठीक करवाने की सुधि नहीं ले रहा है। जबकि इनमें से तमाम सरकारी नल ऐसी जगहों पर लगे हैं जहां से रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है।

**राजगढ़ में खराब हैं 12 हैंडपंप :** राजगढ़ वार्ड के सभासद सुरेंद्र पाल बताते हैं कि मोहल्ले में 17 हैंडपंप लगे हैं, जिसमें से मात्र पांच ही पानी दे रहे हैं। अन्य 12 खराब है, जो रिबोर कराने वाले हैं। इसके लिए कई बार पालिका प्रशासन को अवगत करा चुके हैं।

**तेज हो रही धूप, पारा पहुंचा 34 डिग्री :** मार्च में ही धूप की तेजी दिखने लगी है। थोड़ी देर भी धूप में रहना मुश्किल हो रहा है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 34 तो न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक इस बार अप्रैल में ही लोगों को लू का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि अप्रैल में तापमान और बढ़ेगा। डॉक्टरों का कहना है कि तेज धूप व गर्मी से बचने के लिए गमछा, टोपी का उपयोग करने के अलावा बीमारियों से बचने के लिए पानी का खूब सेवन करें।

### केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के कार्यालय के सामने हैंडपंप खराब



केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के संसदीय कार्यालय के सामने लगा हैंडपंप ही खराब है। एक दो साल से नहीं बल्कि यह पिछले कई साल से बंद है। ऐसे में गृह राज्यमंत्री के जनता दर्शन से लेकर कोर्ट कचहरी आने वालों प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है।

### एडीएम कार्यालय के सामने लगा हैंडपंप खराब



कलेक्ट्रेट में एडीएम कार्यालय के सामने खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपप चिराग तले अंधेरा वाली कहावत चरित्रार्थ कर रहा है। यह नल पिछले कई साल से खराब पड़ा है। जबकि एडीएम कार्यालय से कलेक्ट्रेट आने वालों को प्यास बुझाने के लिए नल की तलाश में भटकना पड़ता है।

### जीआईसी के सामने लगा हैंडपंप दिखता ही नहीं



जीआईसी के सामने कामनाथ अस्पताल के निकट लगा सरकारी हैंडपंप कई साल से खराब पड़ा है। जबकि आस पास दवा बाजार से लेकर जांच केंद्र सहित अन्य कई दुकानें हैं। ऐसे में सुबह से लेकर शाम सैकड़ों लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। प्यास लगने पर लोग या तो जीआईसी में जाते हैं या फिर पानी की बोतल खरीदते हैं।

### टैक्सी स्टैंड वाला हैंडपंप भी खराब



गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के पास टैक्सी स्टैंड के निकट लगा हैंडपंप भी कई साल से खराब है। पालिका प्रशासन इसे बनवाने की सुधि भी नहीं ले रहा है। जबकि टैक्सी स्टैंड से लेकर रोडवेज बस अड्डा व खीरी रोड पर हनुमान मंदिर तक कोई नल नहीं है। इससे राहगीर प्यास बुझाने के लिए परेशान होते हैं।

### जीआईसी के निकट रखी टंकी भी गायब

महिला अस्पताल व जेल में मिलाई करने के लिए आने वालों से लेकर अन्य राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पालिका प्रशासन ने जीआईसी गेट से आगे बढ़कर एक 500 लीटर की टंकी रखवाई थी। जो कई साल से गायब है।

गर्मी शुरू होने से पहले हैंडपंप ठीक कराने की योजना है, जिसके तहत सभी सभासदों से खराब हैंडपंप की सूची मांगी गई है। जल्द ही खराब हैंडपंपों को रिबोर कराकर दुरुस्त कराया जाएगा, ताकि किसी भी राहगीर को शुद्ध पेयजल की दिक्कत न हो।
**–संजय कुमार**, ईओ।

### थरवरनगंज में खराब पड़े चार हैंडपंप



थरवरनगंज वार्ड के सभासद राशिद पठान बताते हैं कि मोहल्ले में करीब 20–22 हैंडपंप लगे हैं। इनमें से चार रिवोर कराने वाले हैं। इनके बारे में कई बार नगर पालिका में सूचना दे चुके हैं। अन्य में तमाम नलों की स्थित भी धक्का प्लेट वाली है।

### कपूरथला में 10 हैंडपंप में से छह खराब



कपूरथला वार्ड के सभासद सुनील रावत का कहना है कि मोहल्ले में करीब 10 हैंडपंप लगे हैं। इनमें से दो खराब और चार रिवोर कराने वाले हैं। इस संबंध में पिछले तीन चार साल से पालिका सूचना दे रहे हैं, लेकिन आज तक रीबोर नहीं हुए।

## वंश और साक्षी को मिली विद्यालय रत्न की उपाधि


सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में पुरस्कृत मेधावी। • अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरित कर मेधावियों को पुरस्कृत किया गया।

आशी गुप्ता, आशी पटेल, गुंजन पटेल, काव्या अवस्थी और शुभ अवस्थी और अमोल शर्मा ने स्वागत गीत, छात्रा उर्वशी वर्मा ने हिंदी समाचार और सिद्धि गुप्ता को अंग्रेजी समाचार, शत प्रतिशत उपस्थिति और घोष और वन्दना में सहयोग देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्राइमरी वर्ग में टॉपर वंश शर्मा, जूनियर वर्ग में टॉपर साक्षी वर्मा, सीनियर वर्ग में टॉपर पीयूष तिवारी को विद्यालय रत्न प्रदान किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कक्षा 11 क के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने अतिथियों का परिचय कराया। मुख्य अतिथि बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल के यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन, विशिष्ट अतिथि डॉ रवीन्द्र नाथ और प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा रहे। संचालन चंद्रेश अग्निहोत्री ने किया।

## बोलेरो की टक्कर से ई- रिक्शा पर सवार लोग घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** अलीगंज रोड पर बड़ी नहर के निकट बोलेरो की टक्कर से ई-रिक्शा पर सवार तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, हालत में सुधार न होने पर परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बोलेरो चालक मय वाहन भाग गया है।

नगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी हामिद अली पुत्र जकीर अली, मोबीन अली पुत्र हामिद अली, जमील अली पुत्र हामिद अली शुक्रवार को ई-रिक्शा से अमृतापुर गांव जा रहे थे। अलीगंज रोड पर बड़ी नहर पुल के पास बुलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा पलट गया और उसमें सवार तीनों के पैर फैक्चर हो कर गंभीर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# पति से विवाद होने पर सिपाही ने लगाया फंदा, हालत गंभीर

- सीओ निघासन कार्यालय में तैनात है महिला सिपाही
- पति ने फंदा काटकर उतारा और अस्पताल में भर्ती कराया

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** पति के साथ किसी बात को लेकर विवाद से नाराज सिपाही ने दुपट्टे का फंदा गले में कस लिया और कुंडे से लटक कर जान देने की कोशिश की। पुलिस उसे लेकर पहले सीएचसी आई, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सीओ निघासन कार्यालय में श्वेता यादव महिला आरक्षी है और कस्बे में ही आवास लेकर अपने पति नरेंद्र सिंह के साथ रहती हैं। उनके साल भर की एक पुत्री है।

गुरुवार की देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे श्वेता यादव नाराज हो गई। शुक्रवार की सुबह वह सीओ कार्यालय ड्यूटी करने पहुंची। इसके बाद दोपहर को आवास पर गई थी, जहां उसने दुपट्टे का फंदा गले में डाल लिया और कुंडे से लटक गई। यह देख नरेंद्र सिंह घबरा गया और दुपट्टा काटकर उसे नीचे उतारा। थाना निघासन पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आरक्षी को सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. धीरेंद्र कुमार ने बताया कि सस्पेक्टेड हैंगिंग है।

सीओ प्रवीण यादव ने बताया कि आपसी अनबन की वजह से सिपाही ने ऐसा कदम उठाया है। फिलहाल गले मे रगड़न के अलावा थोड़ी सूजन वगैरह आ गई है, जिसके लिए जिला मुख्यालय रेफर किया गया है। हालत खतरे से बाहर है।

## गन्ना छील रहे किसान पर बाघ ने किया हमला, रेफर

**रोशननगर, अमृत विचार :** महेशपुर वन रेंज के गांव टीकापुर में गन्ना छील रहे श्रमिक पर बाघ ने हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाघ के हमले से ग्रामीणों में दहशत है।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव परेली निवासी शिवसागर लाल पुत्र राजकुमार पड़ोस के गांव टीकापुर के किनारे खेत मे गन्ना छील रहे थे। तभी अचानक बाघ ने उस पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया, अन्य लोगों के शोर मचाने पर बाघ उसे छोड़कर चला गया। हमले की सूचना घरवालो ने वनरेंज को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर लोगों को बाघ से सतर्क रहने की हिदायत दी है। परिवार वाले घायल को बाइक से सीएचसी लाए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


# डॉ. कौशल समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल


डॉ . कौशल वर्मा को पार्टी का पटका पहनाकर शामिल कराते ब्रजेश पाठक।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** सीतापुर और पीलीभीत में डॉ. सोशल के नाम से प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. कौशल वर्मा ने तमाम समर्थकों के साथ लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष भाजपा ज्वाइन कर ली।

भाजपा में शामिल होने वालों में ब्रजेंद्र वर्मा प्रधान शीतलपुर ग्रंट, विकास वर्मा लंदनपुर ग्रंट, मंजीत पटेल, सुशील कुमार, अनिल वर्मा, सुशील पांडे, एडवोकेट आनंद अर्कवंशी, एडवोकेट अनुज सिंह पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, समाजसेवी ओम बहादुर सिंह, अजीत वर्मा व अन्य हैं। भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र नीरज वर्मा आदि मौजूद रहे।




### इस्कॉन संस्था का एक अप्रैल को ब्रह्मोत्सव कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी।** शहर स्थित इस्कॉन संस्था के लोग एक अप्रैल को प्रथम स्थापना दिवस मनाएंगे। वार्षिकोत्सव पर ब्रह्मोत्सव होगा। इसका आयोजन राजापुर चौराहे स्थित जलसा ग्रैंड में शाम चार बजे से होगा। इसमें विदेशी भक्तों द्वारा संकीर्तन होगा और ठाकुरजी के साथ 501 किलोग्राम फूलों से होली खेली जाएगी। संस्था के सुनील मुकुंददास ने बताया कि समापन महाप्रसाद वितरण से होगा। उन्होंने सभी भक्तों से सपिवार कार्यक्रम में आने का आहवान किया है।




# सीआरएस की तैयारी में जुटे आरबीएनएल के अधिकारी

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** लखनऊ से सीधे पीलीभीत तक यात्रियों का सफर आसान होने का सपना जल्द ही पूरा होने जा रहा है। अप्रैल से लखनऊ से पीलीभीत के बीच ट्रेन चलने की उम्मीद जाग गई है।

कार्यदाई संस्था रेल विकास निगम लिमिटेड (आरबीएनएल) कर्मचारियों ने अमान परिवर्तन और विद्युतीकरण का काम शाहगढ़ से पीलीभीत रेलखंड का शनिवार को होने वाले सीआरएस निरीक्षण की तैयारी में शुक्रवार को स्पीड ट्रायल किया गया। आरवीएनएल के क्षेत्रीय प्रभारी कृष्णमोहन विश्वकर्मा ने बताया कि शाहगढ़ से पीलीभीत के बीच शेष कामों को पूरा कर लिया गया है। क्षेत्र में स्पीड विद्युत इंजन से जांच कर ली गई है। जिससे निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षण आयुक्त के सामने कोई कमी न रह जाए। इसको ध्यान में रखते हुए कर्मियों ने शेष बचे हुए सभी कार्य पूरे कर लिए गए हैं। जिससे सीआरएस के दौरान कोई बाधा उत्पन्न न हो सके। 30 और 31 मार्च को रेल संरक्षा आयुक्त शाहगढ़ से पीलीभीत खंड का निरीक्षण कर ट्रेनें चलाने की हरी झंडी देंगे। इसको देखते हुए अप्रैल महीने में लखनऊ से पीलीभीत तक ट्रेन चलने की उम्मीद जाग उठी है।


मैलानी में तैयारी में जुटे आरबीएनएल के अधिकारी।

## कार से करते थे बकरा चोरी, एक गिरफ्तार

**खीरी टाउन, अमृत विचार:** कस्बे में पिछले काफी समय से बकरा चोरी की घटनाएं हो रही थीं। गुरुवार को मोहल्ला शेख सराय निवासी नसीर अहमद के दो बकरे घर के बाहर से स्विफ्ट डिजायर कार सवार उठा ले गए थे। बकरा चोरी करने की वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी।

पुलिस ने पशु स्वामी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उसमें कार का नंबर साफ दिखा। इस पर पुलिस ने कार की तलाश शुरू कर दी। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि कार को पुलिस ने झलरिया रेलवे क्रासिंग के पास पकड़कर चालक सुफियान पुत्र मुन्ना निवासी सेमरा कलां थाना रेउसा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया। कार से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है।

